CS (Main) Exam:2015

**C-AVZ-O-HFHA**

# भूगोल / GEOGRAPHY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घंटे* | *अधिकतम अंक : 250* |
| *Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 250* |

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

*कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :*

*इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं।*

*परीक्षार्थी को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर देने हैं।*

*प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।*

*जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों / मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाएँ। इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।*

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Illustrate your answers with suitable sketches / maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :**

**Answer the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) कटिबन्धीय दृष्टिकोण से भू-आकृतिक प्रक्रमों का वर्गीकरण लिखिए ।

Attempt a classification of geomorphic processes from the zonal point of view.

(b) विवेचना कीजिए कि वाताग्रजनन (फ्रंटोजेनेसिस) किस प्रकार मौसम अस्थिरता में योगदान करता है ।

Discuss as to how frontogenesis contributes to weather instability.

(c) विभिन्न प्रकार के पेलैजिक (अंबुधी) निक्षेपों की विशिष्टताओं का वर्णन कीजिए ।

Describe the characteristics of different types of pelagic deposits.

(d) पारिस्थितिक अनुक्रमण के अभिलक्षणों की व्याख्या कीजिए ।

Explain the characteristics of ecological succession.

(e) जीवन की गुणता पर पर्यावरणीय शिक्षा के प्रभाव पर टिप्पणी कीजिए ।

Comment on the impact of environmental education on quality of life.

ABHYAS
IAS ACADEMY

**Q2.** (a) भू-आकृति विज्ञान में, भूपृष्ठीय अनाच्छादन (सब-एरियल डिन्यूडेशन) के अमेरिकी संप्रदाय के योगदानों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the contributions of the American School of Subaerial Denudation in geomorphology. *20*

(b) संभाव्य वाष्पन-वाष्पोत्सर्जन क्या है ? स्पष्ट कीजिए कि किसी क्षेत्र के जल संतुलन का आकलन करने में इसका किस प्रकार उपयोग किया जाता है ।

What is Potential Evapotranspiration ? Explain how it is used in assessing the water balance in an area. *15*

(c) सम्पोषित विकास (सस्टेनेबल डेवेलपमेंट) के लिए जैव-विविधता के संरक्षण की विधियों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the methods of conserving biodiversity for sustainable development. *15*

**Q3.** (a) कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के आधार की विवेचना कीजिए । 'Cs' प्रकार की जलवायु के प्रमुख अभिलक्षणों को स्पष्ट कीजिए ।

Discuss the basis of Köppen's climatic classification. Bring out the salient characteristics of 'Cs' type of climate. *20*

(b) सोदाहरण व्याख्या कीजिए कि चैनल गतिकी जलोढ पंखों एवं शंकुओं के विकास के लिए किस प्रकार उत्तरदायी बनी रही है ।

Explain with examples as to how channel dynamics has been responsible for the development of alluvial fans and cones. *15*

(c) कटिबन्धीय वितरण के आधार पर मृदाओं का वर्गीकरण कीजिए एवं पेडोकल के अभिलक्षणों का वर्णन कीजिए ।

Classify soils based on their zonal distribution and describe the characteristics of pedocals. *15*

**Q4.** (a) मानव के पारिस्थितिक अनुकूलन की विभिन्न अवस्थाओं की व्याख्या कीजिए तथा मानव एवं पर्यावरण के बीच के परिवर्तनशील संतुलन पर प्रकाश डालिए ।

Explain the different stages of ecological adaptation of man and bring out the changing balance between man and environment. *20*

(b) "वर्तमान-काल के स्थल रूपों (लैंडफॉर्म्स) में सरलता की अपेक्षा जटिलता अधिक है ।" सविस्तार स्पष्ट कीजिए ।

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

"Present-day landforms bear more complexity than simplicity." Elucidate. *15*

(c) वायुमंडल के उत्तर-दक्षिणी परिसंचरण को और विश्व की जलवायु में उसके महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the meridional circulation of the atmosphere and its importance in world climate. *15*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :**
**Answer the following in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) "भूगोल का कल्याणकारी चेहरा इसको एक अंतःशास्त्रीय विषय बना देता है ।" विस्तार से स्पष्ट कीजिए ।

"The welfare face of geography makes it an inter-disciplinary subject." Elaborate.

(b) "ऊर्जा मिश्रण सम्पोषणीयता (सस्टेनेबिलिटी) की तरफ एक कदम है ।" विवेचना कीजिए ।

"Energy mix is a step towards sustainability." Discuss.

(c) नगरों के प्रकार्यात्मक वर्गीकरण की नेल्सन की विधि की विवेचना कीजिए ।

Discuss Nelson's method of functional classification of towns.

(d) "जनसंख्या पर मार्क्स का विचार अधिक मानवीय है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Marx's view on population is more humanistic." Comment.

(e) "विकास नियोजन में पर्यावरणीय लागत भी एक घटक है ।" विवेचना कीजिए ।

"Development planning has a component of environmental cost." Discuss.

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance

**Q6.** (a) "प्रादेशिक संश्लेषण भौगोलिक अध्ययनों का मर्म है ।" विस्तार कीजिए ।

"Regional synthesis is the crux of geographical studies." Elaborate. *20*

(b) "प्रकृति-प्रेरित अकालों की अपेक्षा मानव-प्रेरित अकाल अधिक सामान्य होते जा रहे हैं ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Man-induced famines are becoming more common than nature-induced ones." Comment. *15*

(c) जनसंख्या प्रवसन पर थियोरियों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the theories on population migration. *15*

**Q7.** (a) समसामयिक संदर्भ में, कृषि अवस्थापना के वॉन थ्यूनेन के मॉडल की प्रासंगिकता की विवेचना कीजिए ।

Discuss the relevance of Von Thunen's model on agricultural location in the contemporary context. *20*

(b) "किसी क्षेत्र की विविधता का अध्ययन करने के लिए सांस्कृतिक प्रदेश सर्वाधिक उपयुक्त इकाइयाँ हैं ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Cultural regions are the most suited units to study the diversity of an area." Comment. *15*

(c) व्यवहारपरक भूगोल के अध्ययन के उपागमों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the approaches to the study of behavioural geography. *15*

**Q8.** (a) "भौगोलिक अध्ययनों में एक प्रतिमान (पैराडाइम) के रूप में पर्यावरणवाद का पुनर्नवीकरण हुआ है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"There is a rejuvenation of environmentalism as a paradigm in geographical studies." Comment. *20*

(b) "भौगोलिक विशेषक (ट्रेट) प्रादेशिक असंतुलन को जन्म देते हैं ।" परीक्षण कीजिए ।

"Geographical traits lead to regional imbalances." Examine. *15*

(c) "विकास नियोजन के लिए जन्म-मरण के आँकड़े आवश्यक संघटक हैं ।" सविस्तार समझाइए ।

"Vital statistics are necessary ingredients for development planning." Elaborate. *15*

ABHYAS
IAS ACADEMY
Basics to Brilliance